दिनांक 18 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

छत्तीसगढ़ी व्यंजन का रास्ता साफ, खुलेगा गढ़ कलेवा, महापौर परिषद से मिली मंजूरी, महापौर परिषद में अन्य प्रस्तावों पर भी हुई चर्चा

भिलाई नगर। महापौर परिषद की बैठक महापौर श्री देवेंद्र यादव की अध्यक्षता एवं उपायुक्त श्री अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में आज दिन बुधवार को महापौर कक्ष में आयोजित हुई। जोन क्रमांक 3 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा में तेलहा नाला (करुणा अस्पताल से गौरव पथ तक) किए जाने वाले विकास कार्य को लेकर चर्चा की गई! निविदा के उपरांत वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए प्रकरण महापौर परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया!

वाटर कूलर लगाने की मिली अनुमति नेहरू नगर गुरु नानक सरोवर में नि:शुल्क रूप से वाटर कूलर लगाने की अनुमति के लिए एमएन मूर्ति निवासी प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम ने नेहरू नगर जोन कार्यालय में आवेदन दिया था! जिसके प्रस्ताव को आज महापौर परिषद के समक्ष रखा गया! स्वयं के व्यय से तालाब परिसर में वाटर कूलर लगाने की अनुमति महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई है! अन्य प्रस्ताव के तहत सामान्य सभा की बैठक में तालाबों के नामकरण के संबंध में पारित संकल्प अनुसार संशोधित संक्षेपिका तैयार कर कुरूद क्षेत्र के तीन तालाबो को मछली पालन हेतु पंजीकृत मछुआ सह. समिति को लीज पर आबंटन देने के लिए प्रकरण महापौर परिषद के समक्ष राजस्व विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया जिस पर चर्चा की गई! अतिरिक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव में निगम भिलाई क्षेत्र में रिक्त व्यवसायिक/आवासीय/आवास सह व्यवसायिक भूखंडों के आबंटन की अनुमति तथा रिक्त भूखंडों के निविदा आमंत्रण किए जाने के संबंध में निविदा प्रपत्र, निविदा आमंत्रण सूचना, आबंटन की नियम/शर्ते, पट्टे का अनुबंध को लेकर महापौर परिषद के समक्ष संपदा विभाग द्वारा प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिस पर चर्चा की गई!

जनसम्पर्क अधिकारी